आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भारत की ब्लू इकनॉमी और जैव प्रौद्योगिकी का प्रमुख केन्द्र बन रहा है।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त के रूप में पूर्वा गर्ग ने अपने कार्यकाल की शुरूआत की। उन्होंने कहा त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन उनकी प्राथमिकता रहेगी।
- नेताजी स्टेडियम में पर्पल फेयर दो हजार छब्बीस के अंतर्गत दिव्यांगजन के लिए समावेशी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- राँची में राष्ट्रीय स्कूल ट्रैक साइकलिंग प्रतियोगिता में द्वीपों की टीम ने छ पदक जीतकर द्वीप समूह का नाम रोशन किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह भारत की ब्लू इकॉनॉमी और जैव प्रौद्योगिकी पहलों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने यह बात डॉलीगंज स्थित अटल महासागर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र में समुद्री मछली एवं सीवीड की खुले समुद्र में पायलट खेती, समुद्री जल गुणवत्ता विश्लेषण प्रशिक्षण और सीवीड कल्चर कार्यशाला के उद्‌घाटन के अवसर पर कही। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की भविष्य की आर्थिक वृद्धि में समुद्री संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ब्लू इकॉनॉमी से रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक मजबूती को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि जैव प्रौद्योगिकी और महासागर विज्ञान के समन्वय से बायोप्लास्टिक, औषधीय उत्पाद और उच्च मूल्य वाले जैव उत्पाद विकसित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद विष्णु पद रे, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन, प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद ने सीवीड से बायोप्लास्टिक निर्माण को द्वीपों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

<><><><><><><>

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह अपने दो दिवसीय द्वीपसमूह दौरे के दौरान कल श्री विजयपुरम स्थित लोक निवास पहुंचे। यहां उन्होंने अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से भेंट की। भेंट के दौरान द्वीपों के

समग्र विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़ी परियोजनाओं, समुद्री संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा द्वीपों की रणनीतिक और आर्थिक संभावनाओं पर चर्चा हुई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गई। डॉ. जितेंद्र सिंह ने द्वीपों के सतत विकास, ब्लू इकॉनॉमी और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं उपराज्यपाल ने द्वीपों के विकास में केंद्र के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

भारतीय प्रशासनिक अधिकारी पूर्वा गर्ग ने कल औपचारिक रूप से दक्षिण अंडमान की उपायुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत की। सुश्री पूर्वा गर्ग ने यह कार्यभार निवर्तमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा के पदमुक्त होने के उपरांत संभाला है। कार्यभार ग्रहण के पश्चात उपायुक्त पूर्वा गर्ग ने कहा कि जिले के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन उनकी प्राथमिकता रहेगी।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार पुलिस द्वारा कल श्री विजयपुरम स्थित मरीना पार्क में 'नमन' नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चौहत्तरवीं पुलिस रेजिंग सप्ताह के उपलक्ष्य में शहीदों, पुलिसकर्मियों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर शहीदों के परिजन उपस्थित थे, जिन्होंने इस समर्पण और बलिदान को सम्मान दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक और देशभक्ति के गीतों और नृत्यों का आयोजन किया गया, जो भारत की विविधता में एकता को दर्शा रहे थे।

<><><><><><><>

दिव्यांगजन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित पर्पल फेयर 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय प्री–इवेंट के रूप में दिव्यांगजनों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कल नेताजी स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के सांसद विष्णु पद रे ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने कहा कि समावेशी खेल दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता

को बढ़ावा देते हैं। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशासन की दिव्यांग कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर दौड़, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, श्रवण बाधितों के लिए अनुकूलित क्रिकेट तथा दृष्टिबाधितों के लिए लूडो, टेबल बॉलिंग और रस्साकशी जैसे खेल आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं में कुल लगभग चार सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन समग्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा किया गया। पर्पल फेयर 2026, 30 जनवरी तक चलेगा।

<><><><><><><>

पशु कल्याण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत एक पेट वॉक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे मरीना पार्क गेट से हुई, जिसे निदेशक डॉ. के. ए. नवीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह फ्लैग प्वाइंट पर संपन्न हुई। पेट वॉक में बड़ी संख्या में पालतू पशु प्रेमियों, पालतू जानवरों के मालिकों और उनके पालतू कुत्तों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने पशु कल्याण से जुड़े संदेशों वाले प्लेकार्ड और बैनर लेकर जिम्मेदार पालतू पालन और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। समापन अवसर पर डॉ. नवीन ने आधुनिक पालतू एवं बेसहारा पशु प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपील की कि वे महंगी नस्लें खरीदने के बजाय सड़कों या आश्रय गृहों से बेसहारा कुत्तों और बिल्लियों को गोद लें।

<><><><><><><>

रांची स्थित सिदू कान्हू वेलोड्रोम में 13 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित उन्हत्तरवीं राष्ट्रीय विद्यालय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता में अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर द्वीपों का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर–17 बालक टीम के किंगडम ब्राइट, सॉ ज़ेकारियाह, लियोनाल्ड बेकर और मेसी कार्टसन ने टीम स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। वहीं अंडर–17 बालिका टीम की रोसी वायलेट, आई. एस. ब्रिडनी, नमिता वायलेट और ऐन मिन्ज ने भी इसी स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। समग्र रूप से द्वीप टीम ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य सहित कुल छह पदक अर्जित किए। इसके साथ ही टीम ने अंडर–17 बालिका वर्ग में ओवरऑल उपविजेता तथा अंडर–17 बालक वर्ग में द्वितीय उपविजेता स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नमिता वायलेट का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी हेतु नई दिल्ली में आयोजित इंडिया कैंप के लिए किया गया है। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने टीम, कोच और प्रबंधक को बधाई दी।

<><><><><><><>

विशेष राष्ट्रीय एकता शिविर के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने राजधानी श्री विजयपुरम के प्रमुख शैक्षणिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। कैडेट्स ने प्राणी सर्वेक्षण संस्थान, समुद्री संग्रहालय और वनस्पति सर्वेक्षण संस्थान का दौरा कर जैव विविधता और समुद्री जीवन की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण का प्रमुख आकर्षण ऐतिहासिक सेल्यूलर जेल रहा, जहां स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की वीरगाथाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। यात्रा का समापन प्रकाश एवं ध्वनि प्रदर्शनी के साथ हुआ। भ्रमण कर्नल के. वाई. सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**<><><><><><><>**

शिक्षा विभाग द्वारा आज से 20 जनवरी तक राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी।

इस प्रदर्शनी में विभिन्न कला विधाओं और रचनात्मक कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। कला प्रेमियों एवं विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**<><><><><><><>**